राष्ट्रीय तेलहन एवं ऑयलपाम मिशन

भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड्स एवं ऑयलपाम (NMOOP) योजना अन्तर्गत मिनी मिशन-I (तेलहन) को बिहार में वित्तीय वर्ष 2014-2015 से लागू किया गया है।

तेलहन के उत्पादन एवं उत्पादकता में नियमित वृद्धि लाने हेतु तेलहनी फसलों में सरसों/राई, मूँगफली एवं सूर्यमुखी को सम्मिलित किया जाना, भूमि की उर्वरता को बरकरार रखते हुए तेलहन के क्षेत्र में राज्य को पूर्णतः आत्म निर्भर बनाना, कृषकों द्वारा परम्परागत बीज की जगह उन्नत एवं संकर प्रभेदों के बीज के उपयोग में वृद्धि लाना, कृषकों को अन्य उपादान उपलब्ध कराते हुए कृषि तकनीकी हस्तानान्तरण को सफल बनाना, कृषकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना तथा कृषकों के बीच रोजगार के अवसर में वृद्धि लाना इस योजना का मुख्य उद्देश्य है।